**<><><><><><><><>**

- मुख्य सचिव ने अभियंताओं से अपने कार्य का निष्पादन लगन और ईमानदारी से करने का अनुरोध किया है।
- मिलाद–उन–नबी जयंती और विश्वकर्मा पूजा का त्यौहार आज मनाया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान के ओग्राब्राज से लेकर बृंदावन तक की दस किलोमीटर लम्बी सड़क में सुधार के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत में विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी. एस. जगलान ने कल अन्य चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची में संशोधन के लिए चल रही वार्षिक सम्मरी रिविज़न के लिए री–रिविज़न गतिविधियों पर चर्चा की गई।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम में कल से अंडमान लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए पांच दिवसीय कस्टमाईज़्ड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल अंडमान लोक निर्माण विभाग के सम्मेलन कक्ष में इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने अभियंताओं से कई तकनीक का ज्ञान हासिल करने और अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि काम ऐसा होना चाहिए, जिससे लोगों को सहुलियत मिले। श्री केशव चन्द्र ने कहा कि किसी भी कार्य निष्पादन में गुणवत्ता को बनाए रखना अति आवश्यक है और इसके साथ समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन ने सड़कों को टिकाऊ बनाने के लिए सीमेंटयुक्त कांक्रीट सड़क बनाने का निर्णय लिया है। पायलट परियोजना के तहत दक्षिण अंडमान के कुछ क्षेत्रों में इसकी शुरूआत की जाएगी। मुख्य सचिव ने वर्तमान पद्धति में बदलाव करने और नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने पर भी बल दिया। अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता प्रीजित रेख ने बताया कि केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय विभाग और कॉलेजों के अध्ययनरत अभियंताओं के अलावा सड़क निर्माण से जुड़े हितधारक भी जुड़े हुए हैं। ऑनलाइन लिंक भी उपलब्ध कराई गई है, जो आगे की रोड मैप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने विभाग की ओर से पिछले वर्ष शुरू किए गए सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार के तहत पिछले वर्ष सितम्बर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। अधीक्षण अभियंता डॉ. अरूण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

<><><><><><>

मिलाद–उन–नबी जयंती के पावन अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद की जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पवित्र त्यौहार मिलाद–उन–नबी द्वीपसमूह में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद की शिक्षाएं हमें प्रेम शान्ति और करूणा के साथ मानवता की निःस्वार्थ सेवा करने की प्रेरणा देता है। द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने भी मिलाद–उन–नबी के जयंती के अवसर पर द्वीपवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि हमें उनके शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर प्रेम और भाईचारे की भावना के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भी मिलाद–उन–नबी के जयंती के अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><>

श्री विश्वकर्मा पूजा आज मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि यह दिवस रचनात्मकता, कौशल, श्रम एवं विकास के प्रति भगवान विश्वाकर्मा को समर्पित है, उनकी शिक्षाएं हमें उत्कृष्टता एवं निपुणता सहित नवोन्मेष करने एवं समाज की प्रगति हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से प्रेरणा लेकर नवनिर्माण और नव–सृजन के साथ सभी प्रकार के रचनात्मक कार्यों से जुड़े कर्मयोगियों के प्रति सम्मान की भावना के साथ एक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान है। सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपवासियों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें भगवान विश्वकर्मा के जैसे कर्मठ और दृढ़ होकर अपने कार्यों को करना चाहिए। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भी विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ओग्राब्राज से लेकर बृंदावन तक की दस किलोमीटर लम्बी सड़क में सुधार के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता वी. सुब्बाराज ने बताया कि फिलहाल इस मार्ग पर गड्ढों को भरने का काम आरंभ कर दिया गया है और मौसम साफ होने के बाद अगले वर्ष जनवरी–फरवरी मे काम शुरू कर दिया जाएगा और इस सड़क निर्माण पर नए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत में विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि सामुदायिक केन्द्र में स्थाई स्त्री रोग विशेषज्ञ के न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच के लिए काफी परेशानियां हो रही है। इसके अलावा इस केन्द्र में चिकित्सा विशेषज्ञ की भी आवश्यता है। सांसद ने एक्स–रे मशीन को बदलने और इसे चलाने के लिए अतिरिक्त तकनीशियन की नियुक्ति करने का भी अनुरोध किया है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान की अध्यक्षता में सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारी, मतदान पंजीकरण अधिकारी और सभी सहायक मतदान पंजीकरण अधिकारियों के साथ कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एक जनवरी दो हजार पच्चीस के संदर्भ में फोटो मतदाता सूची में संशोधन के लिए चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न के लिए री–रिविज़न गतिविधियों पर चर्चा की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बूथ स्तर के अधिकारी अट्‌ठारह अक्तूबर तक मतदाताओं के वर्तमान क्षेत्र में मतदाता सूची में उनके नामों की घर–घर जाकर जांच करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर–घर जाकर मतदाता सूचियों में प्रविष्टियों की पुष्टि करें। इसमें गैर पंजीकृत पात्र नागरिकों, संभावित मतदाताओं, मृत और स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के बारे में जानकारी देना शामिल है। उन्होंने आम जनता से सर्वेक्षण के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><><><><>

चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में आज से श्रीमद भगवत कथा व्यख्यान का आयोजन किया जाएगा। चौबीस सितम्बर तक इसका आयोजन होगा। आज शाम साढ़े चार बजे गांधी पार्क से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

<><><><><><><><><><>